राजस्थान सरकार

Email- jdmandalbkn@gmail.com
Phone: 0151-2970655

# कार्यालय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, बीकानेर संभाग, बीकानेर

क्रमांकः संनि/स्कूल शिक्षा/शै0प्र0/स्माईल/2020/2006 दिनांक : 27.11.2020

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
बीकानेर संभाग।

विषयः– स्माईल–02 कार्यक्रम की सघन मॉनिटरिंग के संबंध में।

प्रसंगः– निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर के पत्रांक शिविरा/माध्य/ई–कक्षा/2020–21/53 दिनांक 23.11.2020 के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत दिनांक 25.11.2020 को आयोजित वी.सी. में शिक्षा सचिव एवं शिक्षा निदेशक, माध्यमिक एवं प्रारंभिक शिक्षा से प्राप्त निर्देशानुसार स्माईल–02 कार्यक्रम की सघन मॉनिटरिंग की जानी है। इस संबंध में निम्नांकित निर्देशों की पालना आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें।

1. संभाग के समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अपने अधीन जिला शिक्षा अधिकारी (मु.) माध्यमिक/प्रारंभिक तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के कार्यालयों में पद स्थापित अधिकारियों को विद्यालय आवंटित कर निरीक्षण/प्रबोधन की कार्य योजना तैयार कर इस कार्यालय को तत्काल आवश्यक रूप से उपलब्ध करावें। कोई भी विद्यालय आवंटन पश्चात शेष न रहे।
2. निरीक्षण/प्रवोधन हेतु लगाये गये समस्त अधिकारी प्रतिदिन आवंटित विद्यालयों का निरीक्षण/प्रवोधन कर अपनी रिपोर्ट मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करेंगे।
3. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिदिन अपने जिले में अवलोकित विद्यालयों की सूचना निदेशालय द्वारा दिनांक 23.11.2020 को जारी प्रपत्र में इस कार्यालय की मेल आई.डी. jdmandalbkn@gmail.com पर शाम 5.00 बजे तक भिजवाना सुनिश्चित करें।
4. निरीक्षण/प्रवोधन हेतु लगाये गये समस्त अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि –
   (अ) शिक्षकों द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप का निर्माण कर प्रतिदिन विद्यार्थियों को सामग्री भेजी जा रही हैं।
   (ब) जॉच करें कि शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों से मोबाईल पर बात की जा रही है और उसका रिकॉर्ड संधारित किया जा रहा है।
   (स) सुनिश्चित करें कि उनको आवंटित विद्यालयों के शिक्षकों को व्हाट्सएप्प ग्रुप बनाकर प्रतिदिन गृह कार्य जॉच, परामर्श, संपर्क हेतु विद्यार्थियों के घर जाकर किये जाने वाले कार्यों के फोटो और वीडियों ग्रुप पर शेयर करे।
   (द) निःशुल्क पाठ्यपुस्तक और कार्य पुस्तिकाएं शत–प्रतिशत इसी सप्ताह में वितरित हो जाएं।

www.studywithrsm.com

Scanned with CamScanner

5. स्माईल–02 कार्यक्रम की मॉनिटरिंग एवं विद्यालय निरीक्षण मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं संभाग स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा और किसी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर तत्काल कठोर कार्यवाही की जाएगी।
6. अभी तक ई–शिक्षा को देखने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत बहुत कम है। इसके प्रतिशत को बढ़ाने के लिए ठोस कार्य योजना तैयार की जाए।
7. स्माईल की वी.सी. अब निदेशक महोदय द्वारा प्रति सप्ताह आयोजित होगी अतः सभी अधिकारी एवं पीईईओ साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट को अद्यतन रखें।

(प्रकाश चन्द्र जाटोलिया)
संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा
बीकानेर संभाग, बीकानेर

क्रमांकः संनि/स्कूल शिक्षा/शै0प्र0/स्माईल/2020/2006
दिनांक : 27.11.2020

प्रतिलिपिः–

1. श्रीमान् निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मु.) माध्यमिक/प्रारंभिक बीकानेर संभाग
3. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, बीकानेर संभाग

www.studywithrsm.com

संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा
बीकानेर संभाग, बीकानेर

Scanned with CamScanner

# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / माध्य / मा–द / ई–कक्षा / 2020–21 / 53 दिनांक : 23.11.2020

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा
समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा

विषयः– स्माईल–2 प्रोग्राम की जिला स्तर व ब्लॉक स्तर पर मॉनिटरिंग करने बाबत्।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इस कार्यालय के समसख्यक पत्र दिनांक 02.11.2020 के संबंध में निर्देशित किया जाता है कि स्माईल–2 प्रोग्राम के अन्तर्गत विद्यायल स्तर पर कक्षा 1 से 5 तक सप्ताह में 1 बार एवं कक्षा 6 से 8 तक सप्ताह में 2 बार गृहकार्य वितरण किया जाना सुनिश्चित किया गया है, जिसका विद्यालय स्तर पर संकलन करने के उपरान्त प्रत्येक विद्यार्थी का पोर्टफोलियो तैयार करने के निर्देश दिये गए थे।

इस कार्यक्रम के संबंध में क्रियान्विति को सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी मोनिटरिंग की आवश्यकता को मध्यनजर रखते हुए संलग्न प्रपत्र (अ,ब,स) में सूचना संकलित कर साप्ताहिक रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरकर्ता को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नः– यथोपरि।

(सौरभ स्वामी)
आइ.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

**प्रतिलिपि** : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
2. श्रीमती वीणा सोलंकी, सहायक निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय राजस्थान, बीकानेर को निर्देशित किया जाता है, की उक्त कार्यक्रम की साप्ताहिक सूचना संलग्न करके अधोहस्ताक्षरकर्ता को अवगत करवाऐं।
3. रक्षित पत्रावली।

www.studywithrsm.com

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

Scanned with CamScanner

विद्यालय स्तर पर

## स्माईल–2 के अन्तर्गत विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु गृहकार्य वितरण एवं संकलन हेतु शिक्षकों के द्वारा भरे जाने वाला (प्रपत्र–अ)

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | गृहकार्य वितरण से संबंधित सूचना | | | | | गृहकार्य संकलन से संबंधित सूचना | | | | | |
| विद्यालय का नाम | कक्षा | कुल नामांकन | गृहकार्य विवरण (विषयवार) | ऑनलाईन माध्यम से विद्यार्थियों की संख्या | ऑफलाईन माध्यम से विद्यार्थियों की संख्या | गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या (5+6) | शेष विद्यार्थियों की संख्या | बिन्दु संख्या 8 में गृहकार्य वितरण से वंचित रहने वाले विद्यार्थियों का वंचित रहने का कारण/विवरण | ऑनलाईन माध्यम से विद्यार्थियों की संख्या | ऑफलाईन माध्यम से विद्यार्थियों की संख्या | गृहकार्य पूर्ण कर जमा करवाने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या (10+11) | शेष विद्यार्थियों की संख्या | बिन्दु संख्या 13 में गृहकार्य संकलन से वंचित रहने वाले विद्यार्थियों का वंचित रहने का कारण/विवरण | सकलन पश्चात् विद्यार्थियों का गृहकार्य पोर्टफोलियो तैयार कर लिया गया है, हा अथवा नहीं |
| | 1 | | | | | | | | | | | | | |
| | 2 | | | | | | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | | | | | | | | | |
| | 4 | | | | | | | | | | | | | |
| | 5 | | | | | | | | | | | | | |

www.studywithrsm.com

Scanned with CamScanner

ब्लॉक स्तर पर

**स्माईल–2 के अन्तर्गत विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु गृहकार्य वितरण एवं संकलन हेतु ब्लॉक स्तर पर संधारित समग्र सूचना (प्रपत्र–ब)**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | गृहकार्य वितरण से संबंधित सूचना | | | | गृहकार्य संकलन से संबंधित सूचना | | | | |
| विद्यालय का नाम | कक्षा | कुल नामांकन | गृहकार्य विवरण (विषयवार) | ऑनलाईन माध्यम से वितरीत गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत | ऑफलाईन माध्यम से वितरीत गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत | गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का कुल प्रतिशत (5+6) | गृहकार्य वितरण से वंचित रहे शेष विद्यार्थियो का प्रतिशत | ऑनलाईन माध्यम से गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत | ऑफलाईन माध्यम से गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत | गृहकार्य पूर्ण कर जमा करवाने वाले विद्यार्थियों का कुल प्रतिशत (9+10) | गृहकार्य संकलन से वंचित रहे शेष विद्यार्थियों का कुल प्रतिशत | संकलन पश्चात् विद्यार्थियों का गृहकार्य पॉर्टफोलियो तैयार कर लिया गया है। (प्रतिशत में) |
| | | | | | | | | | | | | |

www.studywithrsm.com

Scanned with CamScanner

जिला स्तर पर

**स्माईल–2 के अन्तर्गत विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु गृहकार्य वितरण एवं संकलन हेतु जिला स्तर पर संधारित समग्र सूचना (प्रपत्र–स)**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिले का नाम | कक्षा | कुल नामांकन | गृहकार्य विवरण (विषयवार) | ऑनलाईन माध्यम से वितरीत गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत | ऑफलाईन माध्यम से वितरीत गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत | गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का कुल प्रतिशत (5+6) | गृहकार्य वितरण से वंचित रहे शेष विद्यार्थियों का प्रतिशत | ऑनलाईन माध्यम से गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत | ऑफलाईन माध्यम से गृहकार्य प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत | गृहकार्य पूर्ण कर जमा करवाने वाले विद्यार्थियों का कुल प्रतिशत (9+10) | गृहकार्य संकलन से वंचित रहे शेष विद्यार्थियों का कुल प्रतिशत | संकलन पश्चात् विद्यार्थियों का गृहकार्य पॉर्टफोलियो तैयार कर लिया गया है। (प्रतिशत में) |
| | | | | | | | | | | | | |

www.studywithrsm.com

Scanned with CamScanner